आर.एन.आई रजि. नं.: RAJBIL/2023/88776, पोस्टल रजि. नं. : श्रीगंगानगर/311/2024-26

NAVRATAN BHARAT

# नवरतन भारत

Navratan Bharat FOLLOW US

अंक 12,वर्ष 3
पृष्ठ 4, मूल्य 5
मंगलवार
हनुमानगढ 17 मार्च 2026 हिन्दी/अंग्रेजी /साप्ताहिक

प्रधान संपादक लक्ष्मीनारायण स्वामी कार्यालय लक्ष्मीनारायण स्वामी गोविंद सिंह नगर हनुमानगढ़ जं. M.94130-44646 Email:- info@navratanbharat.com

## जनता की आवाज भगवान की आवाज है और जनता ने मुझे कांग्रेस और बीजेपी से दूरी बनाने को कहा है : चौधरी अभय सिंह चौटाला




ऐलनाबाद , 16 मार्च( रमेश भार्गव ) इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्यसभा चुनाव में वोट देने के मुद्दे पर कहा कि जनता की आवाज भगवान की आवाज है और जनता ने मुझे कांग्रेस और बीजेपी से दूरी बनाने को कहा है। ऐसे में पार्टी के दोनों विधायक मतदान से अनुपस्थित रहेंगे। कांग्रेस से हमारी दूरी पहले से ही है। वही बीजेपी ने पिछले ग्यारह सालों में जातिवाद, सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया है। बीजेपी के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और विधायक रामकुमार गौतम की भाषा इनेलो विरोधी रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी हमारे बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। हम बीजेपी को वोट किसी कीमत पर नहीं देंगे। इस दौरान इनेलो के दोनों विधायक अदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला भी उनके साथ मौजूद रहे।

चुनाव से पूर्व भूपेंद्र सिंह हुड्डा 37 विधायकों के समर्थन का दावा करते थे। लेकिन ऐसा नहीं होता लग रहा। कांग्रेस में भी कुछ विरोधी है। मतदान के दौरान भूपेंद्र हुड्डा परेशान दिखाई दे रहे थे। कांग्रेस अपने 37 विधायकों को संभाले। विधानसभा चुनाव में सारी टिकट भूपेंद्र हुड्डा ने बांटी है। क्रॉस वोटिंग के लिए वही जिम्मेदार होंगे। कांग्रेस में 100 करोड़ रुपए देकर राज्यसभा सांसद बनते हैं। बीजेपी बताए उसने कितने खर्च किया। मीडिया के अनुसार बीजेपी द्वारा कांग्रेस विधायकों को 20-20 करोड़ रुपए में खरीदा जा रहा है। कांग्रेस को विधायकों की खरीद फरोख्त पर अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए।आज विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है। जो लोकतंत्र के खिलाफ है। जिस पार्टी के विधायक बिकते है, तो उस पार्टी पर भी सवालिया निशान लगता है। हॉर्स ट्रेडिंग में खरीदने वाले और बिकने वाले दोनों ही पक्ष दोषी होते हैं। इसका कारण ये है कि टिकट देते समय सही प्रत्याशी को नहीं चुना गया।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए भी कानून बनाना चाहिए। क्रॉस वोटिंग करने वालों पर भी 6 साल चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगना चाहिए।निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के वोट मांगने पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि नांदल का कॉल आया था। मेरे वोट डालने या नहीं डालने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हमने प्रदेश के सभी विधानसभाओं में 1 पर्यवेक्षक भेजा था। उनके फीडबैक मिलने के बाद हमने मतदान से गैरहाजिर रहने का फैसला किया है। हरियाणा में 3 पार्टी प्रदेश का नाश कर रही हैं। कुल मिलाकर बीजेपी सांपनाथ है, कांग्रेस नागनाथ है और तीसरा बिच्छू नाथ है। तीन में से एक पार्टी को तो जनता ने साइडलाइन कर दिया है। आगे 2029 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी और कांग्रेस को भी जनता आइना दिखा देगी।

## नगरपरिषद की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई, बाजार क्षेत्र में चला अभियान



**-रेल्वे स्टेशन से बस स्टेण्ड वाया भगत सिंह चौक पर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण हटाए**

हनुमानगढ़। नगरपरिषद द्वारा सोमवार को शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। भगत सिंह चौक से बस स्टैंड की ओर जाने वाले मार्ग पर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय स्थाई लोक अदालत, हनुमानगढ़ में विचाराधीन प्रकरण संख्या 4/2022 राजेन्द्र कुमार बनाम नगरपरिषद हनुमानगढ़ के तहत जारी निर्देशों की अनुपालना में की गई।

नगरपरिषद के अनुसार स्थाई लोक अदालत के पत्र क्रमांक 208-209 दिनांक 7 नवंबर 2024 तथा जिला कलेक्टर द्वारा राजकाज रेफरेंस संख्या 11653514 दिनांक 7 नवंबर 2024 के तहत सार्वजनिक मार्गों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत सोमवार को शाम करीब 3 बजे से अभियान चलाकर बाजार क्षेत्र में सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

अभियान के लिए नगरपरिषद द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम के प्रभारी राजस्व अधिकारी दलीप कुमार को बनाया गया था। उनके नेतृत्व में नगरपरिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान, अस्थायी ढांचे और अन्य अवरोधों को हटवाया, जिससे सड़क को खाली करवाया जा सके।

कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता वेद प्रकाश सहारण को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा सहायक नगर नियोजक निखिल नेहरा, राजस्व निरीक्षक गंगाराम, कनिष्ठ अभियंता प्रेम दास नायक, धीरज कुमार, आनंद कुमार, कमल कुमार, अनिल कुमार वरिष्ठ लिपिक, रमनदीप, नरेश मेट सहित अन्य कर्मचारी दल के सदस्य के रूप में मौजूद रहे। टीम ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटवाया।

नगरपरिषद अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बाजार में कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर तथा अस्थायी ढांचे बनाकर मार्ग को संकरा कर दिया गया था, जिससे आमजन और वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही थी। शिकायतों के मद्देनजर और न्यायालय के निर्देशों की पालना में यह कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान नगरपरिषद कर्मचारियों ने दुकानदारों को भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।नगरपरिषद की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में सड़क मार्ग काफी हद तक साफ नजर आया और यातायात व्यवस्था में भी सुधार देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जरूरत पड़ने पर इसी तरह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## करणीसर के ग्रामीणों ने डबली पुलिस चौकी का किया घेराव



**-करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची डीवाईएसपी, निष्पक्ष कार्रवाई का दिया आश्वासन**

हनुमानगढ़। जिले के करणीसर गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर डबली पुलिस चौकी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निर्दोष लोगों को परेशान नहीं करने की मांग की। करीब तीन घंटे तक चले घेराव के बाद मौके पर पहुंची डीवाईएसपी मीनाक्षी सहारण ने ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया।ग्रामीणों का कहना था कि हाल ही में दर्ज मामलों में पुलिस की कार्यवाही से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में निर्दोष लोगों को भी परेशान किया जा रहा है, जबकि वास्तविक दोषियों के खिलाफ अभी तक सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में ग्रामीण बड़ी संख्या में डबली पुलिस चौकी के बाहर एकत्रित हुए और चौकी का घेराव कर अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपे गए मांग-पत्र में कई बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की है। इनमें थाना सदर हनुमानगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 219/2025 में कथित रूप से शामिल पुलिस चौकी डबलीराठान के पुलिसकर्मियों कुलदीप मीणा और चन्द्रभान को निलंबित करने की मांग प्रमुख है। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मियों की भूमिका विवाद को बढ़ाने में रही है और वे गांव में मादक पदार्थों की बिक्री में भी संलिप्त हैं।

इसके अलावा मुकदमा संख्या 41/2026 के मामले में पुलिसकर्मी जसकरण सिंह पर भी कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में घरों में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और मारपीट की गई, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गईं। उनका उपचार राजकीय चिकित्सालय में चल रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मुकदमा संख्या 219/2025 की जांच पुलिस थाना तलवाड़ा के उपनिरीक्षक को सौंपी गई है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।करीब तीन घंटे तक चले घेराव के बाद डीवाईएसपी मीनाक्षी सहारण मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी, किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कानून के अनुसार सजा दिलाई जाएगी।

डीवाईएसपी के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## रोडवेज बचाओ अभियान के तहत हनुमानगढ़ डिपो में प्रदर्शन



**-3000 नई बसों की खरीद व 12 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की मांग, अनुबंधित बसों के विरोध में उठी आवाज**

हनुमानगढ़। राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू की ओर से रोडवेज बचाओ अभियान के तहत हनुमानगढ़ डिपो में प्रदर्शन सभा आयोजित कर सरकार के खिलाफ रोष जताया गया। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि अनुबंधित बसों की खरीद बंद कर कम से कम 3000 नई रोडवेज बसें खरीदी जाएं तथा विभाग में खाली पड़े करीब 12 हजार कर्मचारियों के पदों पर जल्द भर्ती की जाए।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि लोक परिवहन सेवा के नाम पर निजी बसों को परमिट देने की नीति से राजस्थान रोडवेज कमजोर हो रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि निजी परमिट जारी करने की व्यवस्था बंद की जाए और रोडवेज को मजबूत करने के लिए सरकारी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बकाया भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसे शीघ्र जारी किया जाना चाहिए।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने श्रम कानूनों में किए गए संशोधनों को वापस लेने की मांग भी उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि इन संशोधनों से कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा खरीदी जा रही इलेक्ट्रिक बसों को राजस्थान रोडवेज के बेड़े में शामिल करने की मांग की, ताकि रोडवेज की सेवाओं को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।कर्मचारियों ने यह भी कहा कि रोडवेज कर्मचारियों को समय पर साप्ताहिक विश्राम मिलना चाहिए और 3000 किलोमीटर की शर्त के नाम पर रोकी गई सैलरी का भी तुरंत भुगतान किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

सभा को राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू के उप महासचिव श्योदान राम सेषमा, प्रदेश सह सचिव विक्रांत सहारण, सेवानिवृत्त कल्याण समिति के पृथ्वी महला, सहीराम यादव, रतिराम तथा गुरचरण सिंह सहित सीटू जिला कमेटी के सुलतान खान सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने रोडवेज और कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार 200 से अधिक बसों को रवाना करने की तैयारी कर रही है, लेकिन ये सभी बसें अनुबंध के आधार पर चलाई जाएंगी। इसके बावजूद सरकार इन बसों को रोडवेज की बसें बताकर प्रचार कर रही है, जो आम जनता को गुमराह करने जैसा है। कर्मचारियों ने कहा कि रोडवेज को मजबूत करने के लिए अनुबंधित बसों के बजाय स्थायी रूप से नई बसों की खरीद जरूरी है।

## पंचायत भवन में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू



ऐलनाबाद , 16 मार्च( रमेश भार्गव )

जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई जिसकी अध्यक्षता नगराधीश अजय सिंह ने की। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु व एसोसिएट प्रोफेसर एवं मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र कुमार द्वारा फील्ड ट्रेनर्स अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया, आंकड़ों के संग्रह की विधि तथा डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य को सही ढंग से संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है। इसके आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। इसलिए जनगणना कार्य में प्रत्येक नागरिक का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से भी अपील की कि वे इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न करें।

जनगणना-2027 के अंतर्गत नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत कोई भी नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वयं अपने घर की गणना ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कर सकेगा। इससे जनगणना की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने में सहायता मिलेगी।

डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसे हाउस लिस्टिंग चरण कहा जाएगा। इस चरण में गणनाकार घर-घर जाकर परिवारों से जानकारी एकत्रित करेंगे और नागरिकों से कुल 34 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों के माध्यम से परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जाएगी.

## गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेशी पर चोरीशुदा गैस सिलेडर व गेंहू बरामद ।



ऐलनाबाद, 16 मार्च( रमेश भार्गव ) गांव बुर्ज भंगू मे स्थित प्राईमरी स्कूल से गैस सिलेंडर व 2 कट्टे गेंहू चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को चंद ही घंटों में काबू कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी ने बताया कि गुरमेश पुत्र जगदीश चन्द्र निवासी गांव बर्ज भंगू जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 14 मार्च 2026 रात्रि को अज्ञात युवकों ने प्राईमरी स्कूल गांव बुर्ज भंगू से 2 कट्टा गेंहू व एक गैस सिलेंडर चोरी करके ले गया । थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी ।

जांच के दौरान सदर थाना पुलिस की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों जगदीश पुत्र पाल सिंह व बंप्पा पुत्र काला सिंह निवासियान गांव बुर्ज भंगू जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर गैस सिलेंडर व गेंहू बरामद कर कर लिया हैं । सदर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा ।

## राजस्थान दिवस पर ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा






हनुमानगढ़, 16 मार्च। राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा किया गया। इस दौरान आरएएमपी के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने अपने प्रशिक्षण से जुड़े अनुभव जिला कलेक्टर के साथ साझा किए।

कलेक्टर ने महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन कर अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित यह ओडीओपी प्रदर्शनी 15 मार्च से 19 मार्च 2026 तक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य जिले के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना और उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन सोमवार को ओडीओपी एवं स्थानीय इकाइयों के प्रतिनिधियों, पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिकों तथा श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती आकाशदीप सिद्धू ने उपस्थित पेंशनर्स, छात्राओं और आमजन को विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया।

## संपादकीय



### एक युद्ध यह भी, पाकिस्तान का दोहरा चरित्र आया सामने

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष की सबसे बड़ी कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। डूरंड रेखा के दोनों तरफ रहने वाले पहले ही आतंकवाद,गरीबी समेत तमाम कठिनाइयां झेल रहे हैं। अफगानिस्तान में कई मासूमों की जान दांव पर लगी है। तालिबान के आने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़ रहे हैं।नई दिल्लीः इस समय सभी की नजरें अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध पर है। संकरे-से होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी दुनिया की सांस अटकी है। लेकिन, एक और इलाका है, जहां हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और निर्दोष लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमले अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है।

पाकिस्तान का हवाई हमला। दोनों देशों के बीच ताजा टकराव पिछले महीने 26 तारीख को शुरू हुआ था, जब पाकिस्तान ने एकतरफा 'खुले युद्ध' की घोषणा कर दी। काबुल-कंधार समेत कई इलाकों में पाकिस्तानी सेना ने एयरस्ट्राइक की है।तालिबान का आरोप है कि गुरुवार रात भी हवाई हमले किए गए, जिसमें कई लोगों की मौत हुई। जवाबी हमले तालिबान की तरफ से भी हो रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के मुकाबले उसकी सैन्य ताकत बेहद कम है, खासकर हवाई क्षमता।सैकड़ों मौत, हजारों बेघर। इस संघर्ष की सबसे बड़ी कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। डूरंड रेखा के दोनों तरफ रहने वाले पहले ही आतंकवाद,गरीबी समेत तमाम कठिनाइयां झेल रहे हैं।

दावों के मुताबिक पाकिस्तान के हमलों में 150 से ज्यादा अफगानियों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे है। ह के मुताबिक, लगभग 1.15 लाख लोगों को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है।

इस्लामाबाद की पुरानी नीति। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते 2021 में तालिबान की वापसी के बाद से लगातार खराब होते गए हैं। पिछले साल अक्टूबर में भी दोनों के बीच टकराव हुआ था, लेकिन अभी हालात ज्यादा नाजुक है।

पाकिस्तान बार-बार अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है। इसकी वजह से गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो चुका है। पाकिस्तान की कार्रवाई असल में अपनी नाकामियों का ठीकरा पड़ोसियों पर फोड़ने की उसकी नीति का एक हिस्सा है।

दोहरा चरित्र। भारत ने ह्स्ष्ट में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन पर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और बाकी जिम्मेदार सदस्य देशों को भी इस मामले में दखल देना चाहिए। दुनिया के बाकी संघर्षों की तरफ ही अफगानिस्तान में भी मासूम जानें दांव पर लगी है। उनको तालिबान शासन की वजह से अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। यह लड़ाई पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को दिखाती है जब उसे जरूरत होती है तो वह इस्लामिक देशों के बीच एकता की अपील करता है, लेकिन अभी वह एक इस्लामिक देश को ही निशाना बना रहा है।

# सिरसा पुलिस की जुआरियों पर दबिश, 6,29,700 रूपयों की जुआ राशि व ताश के पत्ते बरामद, मकान मालिक सहित 29 लोग काबू ।




ऐलनाबाद, 16 मार्च( रमेश भार्गव) बीती रात्री पीर बस्ती सिरसा क्षेत्र में एक घर पर दबिश दी तो बड़े स्तर पर जुआ खेल रहे मकान मालिक सहित कुल 29 लोगों को गिरफ्तार कर मौका से 6 लाख 29 हजार 700 रुपये की नकदी व ताश के पत्ते बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि शहर थाना की पुलिस टीम बीती रात गश्त के दौरान रानियां गेट सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी । इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जॉनी पुत्र हरबंश निवासी पीर बस्ती सिरसा अपने घर में करीब 29-30 लोगों को इकट्ठा कर बड़े स्तर पर जुआ खिलवा रहा है । उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीर बस्ती में उक्त मकान पर दबिश तो देखा की मकान के अंदर जुआ खेल रहे 29 लोगों को रंगे हाथों काबू कर उनके कब्जा से 6 लाख 29 हजार 700 रुपये की नकद राशि एवं ताश के पत्ते बरामद किए । एसपी दीपक सहारण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गौरव पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी मकान बीघड रोड फतेहाबाद,संदीप कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी सिसाय बुलान जिला हांसी,ललित कुमार पुत्र सतपाल निवासी राजीव नगर हिसार,योगेश कुमार पुत्र सुखलाल निवासी बेगु रोड सिरसा, गुरदेव सिह पुत्र जसपाल निवासी भटिंडा पंजाब,रिजवान अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी नजदीक सरकारी अस्पताल सियाना जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश,मनोज कुमार पुत्र दिवानचंद निवासी सुभाष बस्ती सिरसा, पवन कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी संजय कालोनी सिरसा,गुरचरण सिंह पुत्र मोहर सिह निवासी चकराईयां जिला सिरसा, सज्जन कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी तोशाम जिला भिवानी हाल इंदिरा कालोनी सिरसा, सुरेन्द्र पुत्र भीम सिंह निवासी डोगरा मोहल्ला हिसार, मंगत कुमार पुत्र बीरबल निवासी खैरपुर कालोनी सिरसा, संजय कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी पटेल नगर टोहाना फतेहाबाद, गोपाल पुत्र नंदलाल निवासी बडवाली ढाणी जिला हिसार,कमल कुमार पुत्र मगंत राम निवासी जेतो मंडी जिला फरीदपुर पंजाब,आकाश पुत्र शमशेर सिंह,राजबीर पुत्र भरत सिहं निवासियांन नहला जिला फतेहाबाद,सुमेर सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी गांव जाखोद खेडा जिला हिसार,राहुल पुत्र सुभाष चंद्र निवासी उत्तम नगर मोहन गार्डन दिल्ली,बंशीलाल पुत्र महाबीर निवासी गांव भूना फतेहाबाद,राजेन्द्र सिंह पुत्र काला सिंह निवास गांव ब्राहमण वाला रतिया फतेहाबाद,गजेन्द्र पुत्र बंताराम निवासी खालसा स्कूल रानियां गेट सिरसा,महेन्द्र पुत्र नोतन दास निवासी गली नंबर 2 हिसार,दीपक पुत्र श्रीराम निवासी जंडीवाली गली पीर बस्ती सिरसा,महाबीर पुत्र मानसिंह निवासी गांव भूना फतेहाबाद, नवीन पुत्र रामचंद्र निवासी नहर कॉलोनी फतेहाबाद,इंद्र पुत्र रामलाल निवासी पुरानी हाऊसिंग बोर्ड इंडस्ट्रीयल एरिया,जग्गी राम पुत्र हसांराम निवासी गांव बोहा तहसील बुढलाडा जिला मानसा पंजाब व मकान मालिक जॉनी पुत्र हरबंस कालडा निवासी जंडी वाली गली पीर बस्ती सिरसा सिरसा के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना शहर सिरसा में मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा । उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि आपके आसपास जुआ, सट्टा या अन्य गैर कानूनी गतिविधियां हो रही हों तो इसकी सूचना बिना किसी भय के पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके और समाज में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

## सी.आर.डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित




ऐलनाबाद, 16 मार्च( रमेश भार्गव )सी.आर.डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ऐलनाबाद में मेंटर-मेंटी गतिविधियों के अंतर्गत 'भाषा अधिगम, साहित्य एवं संचार कौशल के विकास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अकादमिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शिक्षा और भाषा विकास में बढ़ते महत्व से परिचित कराना था। छात्राओं ने अपने निबंधों के माध्यम से भाषा अधिगम, साहित्य और संचार कौशल में की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

कॉलेज के प्राचार्य रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएँ पैदा कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन श्री ईश कुमार, कार्यकारी निदेशक डॉ. करुण मेहता तथा मैनेजमेंट मेंबर डॉली मैम भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई तकनीकों का सही और रचनात्मक उपयोग विद्यार्थियों के ज्ञान, भाषा-कौशल तथा व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने और आधुनिक तकनीकों के साथ स्वयं को जोड़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के स्टाफ सदस्य अनंत कथूरिया, शालू बाला, मोनिका कथूरिया, रेनू वाला मैम तथा सरला मैम सहित अन्य अध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।अंत में छात्राओं के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## बैठक में दिए सिंचाई शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश

श्रीगंगानगर, 16 मार्च। सिंचाई शुल्क की वसूली के सम्बन्ध में जल संसाधन उपखण्ड, रायसिंहनगर, सहायक अभियंता प्रथम, जल संसाधन खण्ड रायसिंहनगर मुख्यालय रायसिंहनगर की खण्ड कार्यालय, रायसिंहनगर में अधीक्षण अभियंता श्री धीरज चावला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

जल संसाधन वृत श्रीगंगानगर के अधीक्षण अभियंता श्री धीरज चावला ने बताया कि बैठक में लक्ष्य अनुसार शत-प्रतिशत सिंचाई शुल्क के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित जल उपयोक्ता संगम अध्यक्षों को शत-प्रतिशत सिंचाई शुल्क वसूल करने हेतु निर्देशित किया गया। जिन उपयोक्ता संगमों के वसूली कैम्प समाप्त हो चुके हैं, उन्हें अधिकतम बकाया बाले काश्तकारों की सूची अधिशाषी अभियंता को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि उन्हें बारी विवर्जित करने के आदेश जारी किये जा सकें।

उन्होंने बताया कि जिन अध्यक्षों के वसूली कैम्प अभी चल रहे हैं, वे कैम्प के अगले दिन दो या दो से अधिक फसलों के बकाया वाले काश्तकारों की सूची उपलब्ध करवायेंगे ताकि राजस्थान सिंचाई एवं जल निकास नियम 1954 के नियम 10 (ड) के अन्तर्गत बारी विवर्जित करने के आदेश जारी किये जा सकें। जिन काश्तकारों की बारी सिंचाई शुल्क बकाया होने के कारण पूर्व में काटी जा चुकी हैं, उनकी बारी को एक वर्ष तक बहाल नहीं किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अधीक्षण अभियंता द्वारा समाचार पत्रों में वसूली सम्बन्धी जानकारी लगातार देने, सिंचाई शुल्क बकाया वाले काश्तकारों के नाम सार्वजनिक करने और बारी इकेट्ठी तभी की जाये, जब सिंचाई शुल्क जमा किया हो। इसके अलावा रायसिंहनगर क्षेत्र के अध्यक्ष, जल उपयोक्ता संगम, 7 पी.एस., सांवतसर (पी.एस.), 43 पी.एस., 48 एन.पी., 57 एन.पी., सांवतसर (एन.पी.), फकीरवाली, आर.बी. द्वितीय, बाला, आर.बी. लोअर प्रथम, आर.बी. लोअर द्वितीय, आर.बी. लोअर-चतुर्थ, आर.बी. लोअर षष्ठम्, संगराना प्रथम द्वारा ना तो सिंचाई शुल्क की वसूली गयी, ना ही सिंचाई शुल्क बकाया वाले काश्तकारों की सूची प्रस्तुत की तथा ना बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में इन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अधिशाषी अभियंताओं को उनके विरूद्ध राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबन्ध में कृषकों की सहभागिता अधिनियम 2000 व 2002 के नियम 45 के अन्तर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अधिशाषी अभियंता द्वारा प्रस्तुत सूची अनुसार जिन काश्तकारों का सिंचाई शुल्क अधिकतम बकाया है, उनको बारी विवर्जित करने के आदेश अनुमोदित किये गये। 12 जल उपयोक्ता संगम अध्यक्षों ने शत-प्रतिशत सिंचाई शुल्क वसूल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में 15 अप्रैल 2026 से ई-बारी पोर्टल से बारी तैयार करने तथा ई-आवियाना पोर्टल पर आबियाना सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, डिप्टी कलक्टर, जिलेदार एवं जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष उपस्थित हुए।

## श्रीगंगानगर में आरडी बर्मन फैंस क्लब की ओर से ऐतिहासिक बॉलीवुड सिंगिंग नाइट्स का आयोजन

श्रीगंगानगर, 16 मार्च।पिछले एक दशक से अधिक समय से श्रीगंगानगर में गीत-संगीत की प्रतिभाओं को उभारने और प्रोत्साहित करने में निरंतर सक्रिय आरडी बर्मन फैंस क्लब अब एक ऐतिहासिक बॉलीवुड सिंगिंग नाइट्स कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस भव्य आयोजन में मुंबई, चंडीगढ़ सहित विभिन्न शहरों से आमंत्रित नामी गायक-गायिकाएं अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगी, जो शहर के संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम साबित होगी। इस संबंध में रविवार शाम सुखड़ियानगर मार्ग पर स्थित एक होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक जयदीप बिहानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान, आगामी 22 मार्च को शाम 5:00 बजे हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल (बीडीआईएस) में होने वाले इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह में संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इनमें संस्था के अध्यक्ष विनोद गोयल (एडवोकेट), संस्थापक संयोजक शैलेंद्रसिंह चौहान शैली, सचिव डॉ. कुसुम जैन, संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती मंजू पांडे, उद्योगपति राजेश जैन, बीडीआईएस के डायरेक्टर अजय गुप्ता,नितिन अग्रवाल और संजय गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र चांगिया, इंजीनियर बंशीधर जिंदल,, कोषाध्यक्ष ललित डोडा, पूर्व अध्यक्ष संजीव लोहिया, श्यामसुंदर गोस्वामी, उपाध्यक्ष प्रेम चुघ, सहसचिव नंदन गुप्ता,पवन जिंदल,डॉ. शैलेश गोयल, डॉ. सरिता उपनेजा, जगीरचंद फरमा,विमल बिहाणी,गोपाल मित्तल, अमित नागपाल, विनोद सेठी, भूपेंद्र बजाज सहित अन्य सदस्य शामिल थे।संस्थापक संयोजक शैलेंद्रसिंह चौहान ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह श्रीगंगानगर के इतिहास में पहला ऐसा बड़ा संगीत आयोजन होगा, जिसमें 20 म्यूजिशियन के साथ गायक-कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम विशेष रूप से मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन के साथ शुरू से अंत तक म्यूजिक अरेंजर और कंपोजर के रूप में जुड़े रहे इंटरनेशनल सैक्सोफोन प्लेयर मनोहरी सिंह को समर्पित होगा। चौहान ने जोर देकर कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि बॉलीवुड की धुनों से शहर को सराबोर करेगा।

संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल ने कहा कि कार्यक्रम को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है कि दर्शकों को न केवल आनंद आएगा, बल्कि यह उनके दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, जो व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और अतिथि प्रबंधन जैसे कार्यों को संभालेंगी।

# जिला सतर्कता यूनिट के सभी अधिकारी गैस एजेंसियों की करें जांच : सुराणा

**जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान, 20 सूत्री व आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, फ्लैगशिप योजनाओं, संपर्क पोर्टल, एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था, चूरू महोत्सव–2026 के आयोजन सहित गतिविधियों, कार्यक्रमों पर की चर्चा, दिए निर्देश, कहा– चूरू महोत्सव का हो सफल आयोजन, विभागीय अधिकारी करें समुचित दायित्व निर्वहन**

चूरू, 16 मार्च। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान, 20 सूत्री व आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, फलैगशिप योजनाओं, संपर्क पोर्टल, एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था, चूरू महोत्सव–2026 के आयोजन सहित गतिविधियों, कार्यक्रमों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

### एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में सभी उपखंड क्षेत्रों में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लेते हुए कहा कि आमजन को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए। जिले में सभी तहसीलदार, प्रवर्तन निरीक्षक व थानाधिकारी की जिला सतर्कता यूनिट द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र में संचालित सभी गैस एजेंसियों का निरीक्षण करें तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं।

### गर्मियों से पहले आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पेयजल आपूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभागीय स्तर पर समुचित तैयारी रखी जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पेयजल आपूर्ति को लेकर उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो तथा नहरबंदी के दौरान वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन कंटीजेंसी प्लान पर चर्चा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति हेतु जल स्रोतों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए तथा आपूर्ति व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक तौर पर टैंकर आदि की व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम किया जाए। सभी उपखंड अधिकारी विशेष रूप से जनसुनवाई व रात्रि चौपाल तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों की स्थितियों का जायजा लेते हुए समुचित प्रबंधन करें।

सभी नगर निकाय अधिकारियों से कहा कि नाला– नाली सफाई कार्य 15 अप्रैल से पहले पूर्ण करें और सीवरेज, ड्रेनेज लीकेज व अवरूद्ध हो तो तुरंत दुरूस्त करवाएं। बरसात के दौरान पानी भराव जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए अभी से ही मोटर, पंप सेट आदि के टेंडर आदि की कार्यवाही पूर्ण करें।

### कानून व सुरक्षा व्यवस्था रहे मुस्तैद

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी समय में गणगौर, रामनवमी, ईद जैसे पर्वों पर सामाजिक – धार्मिक आयोजनों के बारे में प्रशासन मुस्तैद रहे तथा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक– चौबंद रहे। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ शांति समिति आदि की बैठकें समयबद्ध ढंग से आयोजित हो जाएं।

### संपर्क पोर्टल सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में असंतुष्टि वाले प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी तेजी लाएं तथा एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करें। परिवादों के निस्तारण में गुणवत्तापूर्ण समाधान का विशेष ध्यान रखें। अधिकारी देखें कि प्रथम स्तर से उच्च स्तर पर शिकायतों का अंतरण न्यूनतम रहे, प्राथमिक स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन पूर्ण करें तथा समुचित निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें।

इस अवसर पर उन्होंने पेंशन व पालनहार के वेरिफिकेशन पूरे करने, महानरेगा योजना अंतर्गत मस्टरोल जारी करने व लेबर इंगेज बढ़ाने, सभी प्रभारी अधिकारियों को पीएमश्री स्कूलों की विजिट कर व्यवस्थाएं देखने और पैरामीटरों पर प्रभावी कार्य करने, डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के पूर्ण मरम्मत कार्यों के बिल भुगतान हेतु भिजवाने, पीएम कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत लक्ष्य पूरे करने, एसबीएम ग्रामीण व शहरी तथा एमजेएसए 2.0 में कार्य पूर्ण करने, ट्रांसमिशन लाइनों के प्रकरण निस्तारित करने, फसल कटाई प्रयोग, जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रकरणों, बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व क्रियान्विति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी फसल कटाई व गिरदावरी कार्य की समुचित मॉनीटरिंग करें। इसके लिए कृषि अधिकारियों, राजस्व टीम का समुचित समन्वय रहे।

### फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

जिला कलक्टर ने बैठक में 20 सूत्री कार्यक्रम तथा आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाए। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए सभी इंडीकेटर्स पर प्रभावी कार्ययोजना के साथ लक्ष्य प्राप्ति की बात कही।उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विभागीय स्तर पर समुचित प्रयास किए जाएं। उन्होंने पीएम कृषि सिंचाई योजना, आरडीएसएस, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम आवास योजना, एसबीएम सहित योजनाओं की समीक्षा की।

### चूरू महोत्सव – 2026 के आयोजन को लेकर अधिकारियों को सौंपे दायित्व

इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू महोत्सव – 2026 के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे और समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान और लोक परंपराओं को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करने अवसर है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन करें। आमजन की अधिकाधिक भागीदारी के लिए अधिकतम प्रचार– प्रसार किया जाए और सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं।एडीएम अर्पिता सोनी ने 'राजस्थान को जानें' डिजीटल क्विज में अधिकाधिक भागीदारी करने तथा चूरू महोत्सव में समुचित भागीदारी निभाने की बात कही।

## तीन माह से चल रहे जप यज्ञ की पूर्णाहुति



### -श्री राम शरणम् आश्रम में अमृतवाणी पाठ व लंगर प्रसाद का हुआ आयोजन

हनुमानगढ़। श्री राम शरणाम आश्रम हनुमानगढ़ जंक्शन में पिछले तीन माह से चल रहे जप यज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समारोहपूर्वक की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक श्री अमृतवाणी जी का पाठ किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने राम नाम का स्मरण करते हुए भक्ति रस में डूबकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर लंगर प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी आश्रम पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विधायक गणेशराज बंसल और नगर परिषद सभापति सुमित रणवा ने विशेष रूप से शिरकत की। आश्रम के सदस्यों द्वारा दोनों अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

श्री राम शरणम् आश्रम के मुख्य सेवक विजय जसूजा ने बताया कि इस जप यज्ञ का मुख्य उद्देश्य समाज में आस्तिक भाव की वृद्धि करना, लोगों में धार्मिक चेतना जागृत करना तथा राम नाम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राम नाम का स्मरण मनुष्य के जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

उन्होंने बताया कि जप यज्ञ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 'वृद्धि आस्तिक भाव की, शुभ मंगल संचार, अभय उदय सब धर्म का, राम नाम विस्तार। जगे चेतना विमल तम हो, सत्य सुप्रकाश, शांति सर्व आनंद हो, पाप ताप का नाश।'

कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर आश्रम के सेवक अशोक मक्कड़, कृष्णा सेतिया, गिरधारी लाल कालरा, अशोक खुराना, देवेंद्र पिपलानी, अजीत वीर सिंह, हरबंस चावला, योगेश मिड्ढा, गौरव स्वामी, महेश जसूजा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों की मांगों को लेकर चौथे दिन भी जारी रहा धरना




-मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के शीघ्र समाधान की उठाई मांग

हनुमानगढ़। राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

धरने के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कार्मिक लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके समाधान के लिए कई बार सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

संघर्ष समिति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों के लिए कैडर अथॉरिटी और नियोक्ता का स्पष्ट निर्धारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सहकारिता विभाग द्वारा गठित कमेटी ने इस संबंध में संघर्ष समिति के संयोजकों से सुझाव भी प्राप्त कर लिए हैं, लेकिन पिछले तीन माह से संबंधित फाइलें प्रक्रियाधीन और लंबित पड़ी हैं। कर्मचारियों ने इस मामले में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आदेश जारी करने की मांग की है।

इसके अलावा केंद्रीय सहकारी बैंकों में ऋण पर्यवेक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर भी कर्मचारियों ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इन पदों पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों को प्राथमिकता दी जाए तथा शत-प्रतिशत नियुक्ति समितियों के व्यवस्थापकों से ही की जाए। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा की बाध्यता को समाप्त करते हुए भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि 10 जुलाई 2017 से पूर्व नियुक्त कार्मिकों के नियमितीकरण की प्रक्रिया 27 जुलाई 2022 को रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा प्रारंभ की गई थी, लेकिन समय की कमी के कारण कई जिलों के कार्मिक इस प्रक्रिया से वंचित रह गए। इसलिए नियमितीकरण की प्रक्रिया को पुनः शुरू किया जाए। इसके साथ ही समितियों में कार्यरत व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक, सेल्समैन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सभी श्रेणी के कार्मिकों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित करते हुए नियमितीकरण का लाभ प्रदान किया जाए।

कर्मचारियों ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग सहायक के पदों पर व्यवस्थापकों के लिए आरक्षित 20 प्रतिशत कोटे की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि यह चयन प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों को लेकर प्रदेशभर के कार्मिकों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मार्च माह तक मांगों का समाधान नहीं किया गया तो अप्रैल माह में जयपुर में विशाल रैली और महापड़ाव आयोजित किया जाएगा। इसकी समस्त नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। धरने के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, राधे श्याम, प्रिंस कुमार, सुरेंद्र भाटी, ओम प्रकाश तरार, रविंद्र खीचर, मनोज शर्मा, श्याम सुंदर, संदीप भाकर, राधेश्याम तथा गुरमीत सिंह सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री ने ली अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक-

जयपुर, 16 मार्च। अलवर जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल सप्लाई, विद्युत आपूर्ति एवं चिकित्सा प्रबंधन, एलपीजी गैस आपूर्ति प्रबंधन, बजट घोषणाओं, विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा मौजूद रहें।

जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं विभागीय योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आपसी विभागीय समन्वय स्थापित कर ग्रीष्म ऋतु में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति की समुचित तैयारी रखें, बजट घोषणाओं को निश्चित समयावधि में धरातल पर उतारे एवं विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने दोनों जिले की पेयजल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि समर कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार गांव एवं कस्बों में प्रभावी मॉनिटरिंग कर पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करें एवं इमरजेंसी कार्यों की संपूर्ण प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करावें। उन्होंने ईआरसीपी योजना, भरतपुर-चम्बल पेयजल योजना, ईसरदा योजना, जल जीवन मिशन, बजट घोषणाओं एवं अमृत 2.0 योजना में प्रगति का फीडबैक लेकर पेयजल कार्यों को गति देने के निर्देश दिये।

जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने दोनों जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा कर अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत बजट घोषणाओं एवं अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र मूर्त रूप देवें। उन्होंने आरडीएसएस एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का फीडबैक लेकर लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खैरथल-तिजारा जिले के मुण्डावर क्षेत्र के चिरोनी में 220 केवी जीएसएस की स्थापना के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति तथा पेट्रोल व डीजल व्यवस्था का जिला रसद अधिकारी से फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि घरेलू गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व व्यावसायिक उपयोग पर प्रभावी निगरानी रखते हुए त्वरित कार्यवाई करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव की तैयारियों की समीक्षा कर सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं शिकायतों का आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने शहर में पेयजल के संबंध में बजट घोषणाओं जिनमें सिलीसेढ पेयजल योजना, भरतपुर-चम्बल परियोजना, किशनगढबास की पेयजल स्कीम इत्यादि की प्रगति का फीडबैक लेकर कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर की बजट घोषणाओं यथा सीएचसी शिवाजी पार्क, दिवाकरी, रूपबास, आरआर कॉलेज जीएसएस एवं कन्या पोलोटेक्निक महाविद्यालय के कार्य की प्रगति का फीडबैक लेकर समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। थानागाजी विधायक श्री कांति प्रसाद मीणा ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल कार्यों, बजट घोषणाओं में प्रगति, राजोरगढ सडक निर्माण कार्य, प्रतापगढ सीएचसी में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने इत्यादि के बारे में अवगत कराया। राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीणा ने पीएचसी बिचगांव, पाडा, सब सेंटर फिरोजपुर व मांगलबास, जामडोली जीएसएस निर्माण, पिनान में ट्रोमा सेंटर निर्माण कार्य को गति देने इत्यादि के बारे में अवगत कराया।

## राज सखी मेला-2026 का शुभारंभ-




भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की अहम भूमिका -श्री कन्हैया लाल चौधरी

-राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए

जयपुर, 16 मार्च। श्रद्ध मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए राजीविका मिशन के तहत "लखपति दीदी योजना" का विस्तार किया है। अब महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रुपये का लोन मिल रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण देश का आर्थिक आधार है। विकसित भारत/2047 को पूरा करने के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति की भूमिका बहुत अहम है। महिला सशक्तिकरण की हमारी योजनाओं से उनके जीवन में नया बदलाव आ रहा है।

श्री चौधरी राजसखी मेला-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को टोंक जिला में राजीविका की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के चैक वितरित किए।

चौधरी ने जिले में राजीविका की महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा किए गए नवाचार "डीएम विद दीदीज" की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर राजीविका मार्ट का कॉन्सेप्ट, श्री कल्याण जी मंदिर डिग्गी में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए दुकान उपलब्ध कराने से लखपति दीदी के उत्पादों को व्यापक बाजार और आय के नये अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इसके लिए अपनी ओर से 50 लाख रुपये की घोषणा की।

कैबिनेट मंत्री ने राज सखी मेले का अवलोकन कर महिलाओं का उत्साह वर्धन किया-

कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने राज सखी मेले में राजीविका के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद दिल से रची हाथों से सजी कला का बेहतरीन उदाहरण दिया।

उन्होंने इस कला से ज्यादा से ज्यादा राजीविका की महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कहा, ताकि अन्य महिलाएं भी समूह से जुड़कर आगे बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह को महिला निधि बैंक से 1.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर कार्य की सुगमता के लिए खरीदी गई स्कूटी की चाबी सौंपी।

## भद्रकाली मेले की तैयारियां को लेकर हनुमानगढ़ सेवा समिति ( भारत क्लब) की बैठक आयोजित



हनुमानगढ़। माता भद्रकाली मेले की तैयारियों को लेकर हनुमानगढ़ सेवा समिति ( भारत क्लब) की बैठक भद्रकाली स्थित कार्यालय में अध्यक्ष मदन गोपाल जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति के सचिव सुनील धुडिया ने बताया कि कि बैठक में 19 से 27 मार्च तक भद्रकाली मेले में समिति द्वारा दी जा रही व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये सबमर्सिबल पम्प द्वारा पेयजल व्यवस्था करवाने, सुरक्षा व्यवस्था, जुता घर व खोया पाया केन्द्र बनाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने सहित समिति के मुख्य कार्यालय के पिछे प्रथम नवरात्रा से अष्टमी तक रोजाना भण्डारा लगाने व नवमी को महिला विश्राम गृह बनाया जायेगा। अध्यक्ष मदन गोपाल जिंदल ने बताया की मेला क्षेत्र में समिति के कार्यालय व भंडारा स्थल पर शेड का निर्माण करवाया गया है जिससे मेले में आने वाले श्रदालुओं को बारिश व आंधी से राहत मिलेंगी बैठक में मदन गोपाल जिन्दल, राम कुमार मंगवाना,सुनील धुडिया, विनाद गर्ग, अजय शर्मा,गणेश बागड़ी, डाक्टर मोहनलाल, नितिन बंसल, भगवान सिंह, कृष्णावतार शर्मा, सुरेश अग्रवाल,महेश कुमार,शिव राजपुरोहित,योगेश कुमार,बजरंग सिंह, नवीन मिढढा, रंजन सैन,देवी लाल पेंटर आदि सदस्य मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने बैठक के बाद मेला क्षेत्र में सफाईअभियान चला कर कार्यालय, भण्डारा स्थल, जूता घर के अलावा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की गई।

*व्यवस्थाओं के लिये प्रभारियो की नियुक्त*हनुमानगढ सेवा समिति द्वारा मेले की व्यवस्थाओं के लिये प्रभारियो की नियुक्तिया की गई। समिति के सचिव सुनील धुड़िया ने बताया कि भद्रकाली मेले में समिति द्वारा दी जा रही व्यवस्थाओं के लिये प्रभारियो की नियुक्ति करते हुए मेला प्रभारी राम कुमार मँगवाना,कार्यालय प्रभारी सुनील धुड़िया, ,भण्डारा व्यवस्था प्रभारी विनोद गर्ग,,खोया पाया केन्द्र प्रभारी मदन गोपाल जिन्दल,जुताघर प्रभारी बजरंग सिंह,व्हील चेयर प्रभारी दीपक बागड़ी, चिकित्सा व्यवस्था प्रभारी डा. मोहन लाल शर्मा, सबमरसिबल प्रभारी भगवान सिंह बनाया गया है तथा समिति कायकर्ताओ की रोजाना डयूटीयां भी लगाई गई।

## एसीएस(होम) ने राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन पर परिवादियों से किया सीधा संवाद-



जयपुर, 16 मार्च। अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग भास्कर आत्माराम सावंत ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) सेंटर का दौरा कर कॉल के माध्यम से परिवादियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने परिवादियों की शिकायतों को सुना, पूर्व में समाधान हो चुके प्रकरणों में दी गई राहत/समाधान का फीडबैक लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसीएस सावंत ने इस दौरान संबंधित विभागों के 13 परिवादियों से संवाद किया और समस्या समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जेल, रोडवेज और होमगार्ड से संबंधित कतिपय समस्याओं का समाधान कर परिवादियों को अवगत करवाया। शेष सुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा रोडवेज के सेवानिवृत कार्मिकों के विभिन्न विषय, फसल खराबे के मुआवजे में देरी सहित विभिन्न मुद्दों को संज्ञान में लाया गया। ऐसे मुद्दों को अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गम्भीरता से लेकर अधिकारियों को उनके जल्द समाधान के निर्देश दिए।

जोधपुर के श्री पेमाराम ने होम गार्ड पद पर की गई ड्यूटी के भुगतान में विलंब का प्रकरण 181 पर दर्ज करवाया था। श्री सावंत ने इस शिकायत का मौके पर समाधान कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकृति के अन्य प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। इसी कड़ी में बाड़मेर के श्री अनदाराम प्रजापत ने घर में हुई चोरी के प्रकरण में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होना बताया। इस पर एसीएस श्री सावंत ने उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी इस प्रकरण में उनसे विस्तृत चर्चा कर उचित कार्रवाई करेंगे। सावंत ने गृह विभाग, पुलिस विभाग, होम गार्ड, जेल, आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, सैनिक कल्याण तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों, कम संतुष्टि प्राप्त श्रेणियों तथा संबंधित विभाग की शिकायतों की विस्तृत एवं तथ्यात्मक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, प्रकरणों में की गई कार्रवाई की जानकारी भी परिवादियों को दें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिव 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसअवसर पर गृह विभाग, पुलिस विभाग, होम गार्ड, जेल, सैनिक कल्याण, रोडवेज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन के अधिकारी मौजूद रहे।

# रात्रि में दुर्घटना का कारण बन रही एलईडी लाइटों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

-हनुमानगढ़ में एक दर्जन निजी बसों के चालान, 24 घंटे में अतिरिक्त लाइट हटाने के निर्देश





हनुमानगढ़। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर यादव के निर्देशानुसार यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए निजी बसों में लगी अनावश्यक और तेज रोशनी वाली एलईडी लाइटों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शनिवार देर रात 14 मार्च 2026 को शहर के विभिन्न मार्गों पर चलाए गए इस अभियान के दौरान करीब एक दर्जन निजी बसों के चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए।

यह कार्रवाई यातायात थाना प्रभारी अनिल चिन्दा के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान लोक परिवहन और स्लीपर कोच बसों की विशेष जांच की गई। जांच के दौरान कई बसों में मानकों के विपरीत तेज रोशनी वाली एलईडी और एक्स्ट्रा लाइटें लगी हुई पाई गईं। यातायात पुलिस के अनुसार ये अतिरिक्त लाइटें रात्रि के समय सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती हैं और कई बार दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ा देती हैं।

यातायात पुलिस टीम ने मौके पर ही ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत चालान की कार्रवाई की। साथ ही बस चालकों और संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे भविष्य में इस प्रकार की अनावश्यक और तेज एलईडी लाइटों का प्रयोग नहीं करें। जिन बसों में ऐसी लाइटें लगी हुई पाई गईं, उन्हें 24 घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

यातायात थाना प्रभारी अनिल चिन्दा ने बताया कि रात के समय कई बस संचालक अपने वाहनों में अतिरिक्त एलईडी या हाई पावर लाइटें लगा लेते हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालकों की आंखों पर तेज रोशनी पड़ती है। इससे वाहन चालकों को कुछ समय के लिए सड़क दिखाई देना बंद हो जाता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यह विशेष कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के अनुसार वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुसार ही लाइटों का उपयोग किया जा सकता है। नियमों के तहत वाहन चालकों को हाई बीम का प्रयोग भी सीमित परिस्थितियों में ही करना चाहिए। शहर के अंदर या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन हमेशा लो बीम पर चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अन्य वाहन चालकों को असुविधा न हो और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

अभियान के दौरान बस चालकों को समझाइश भी दी गई कि शहर में प्रवेश करते ही वाहन की लाइट को लो बीम पर चलाया जाए और अनावश्यक एलईडी लाइटों का प्रयोग बिल्कुल न किया जाए। यदि भविष्य में किसी बस या अन्य वाहन में इस प्रकार की अतिरिक्त लाइटें लगी हुई पाई जाती हैं तो संबंधित वाहन चालक और संचालक के खिलाफ और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा बस संचालकों को यह भी आगाह किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी वाहन चालकों की जिम्मेदारी है। पुलिस ने कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। यातायात पुलिस ने सभी बस संचालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अपने वाहनों में केवल मानक के अनुरूप ही लाइटों का उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# ट्रेफिक बूथ का लोकार्पण

हनुमानगढ़. यातायात पुलिस की ओर से हनुमानगढ़ जंक्शन में सिंचाई कार्यालय के सामने स्थापित ट्रेफिक बूथ का जीर्णोद्धार सामाजिक संस्था एकता मंच की ओर से करवाया गया है। जीर्णोद्धार ट्रेफिक बूथ का लोकार्पण रविवार सुबह यातायात थाना प्रभारी व उप निरीक्षक अनिल कुमार चिंदा व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल अग्रवाल ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद गौरव जैन, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रोहिताश चुघ, जीएसटी के सहायक आयुक्त रवि दाधीच, सामाजिक कार्यकर्ता मनीराम चादवासिया, व्यवसायी मुकेश भदरा, मुकेश चिलाना, नवीन मिढा, डॉ.दीपक खुराना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकता मंच अध्यक्ष राजेश मिढ़ा ने की। एकता मंच महासचिव अश्वनी गर्ग 'आशु' ने आभार जताया।कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी अनिल चिंदा ने कहा कि यातायात व्यवस्था रखना यातायात पुलिस जिम्मेदारी है लेकिन इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जनता के सहयोग से ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वह जनता के सहयोग से शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में प्रयासरत हैं। इस अवसर पर उन्होंने ट्रेफिक बूथ पुनर्निर्माण में एकता मंच के सहयोग को उल्लेखनीय बताया। ट्रेफिक बूथ का पुर्ननिर्माण एकता मंच के उपाध्यक्ष अरूण खुराना 'बॉबी' के आर्थिक सहयोग से करवाया गया है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने एकता मंच के सामाजिक सरोकारों को सराहनीय बताया। इस अवसर पर एकता मंच के संरक्षक विजय बलाडिया, पूर्व अध्यक्ष गणेश सोलंकी, प्रहलाद जांगिड़, भवानी शंकर शर्मा, सुभाष मित्तल 'डीएम', उपाध्यक्ष, सतीश गोयल, सौरभ शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष गोयल, सचिव मनीष अरोड़ा, संगठन सचिव अनिल सिहाग, प्रचार सचिव विजय मित्तल, शंकर सिंह नरूका, रविन्द्र डालमिया, सूर्या प्रकाश जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अल्पाहार हुआ और एकता मंच स्टीकर का विमोचन किया गया।

# दलितों, पिछड़ों व महिलाओं में राजनीतिक चेतना जगाने वाले मसीहा थे कांशीराम - सीताराम सीला

**हनुमानगढ़ जंक्शन के गुरु रविदास मंदिर में बसपा की जोन स्तरीय जनसभा व विचार गोष्ठी आयोजित**



हनुमानगढ़। बहुजन समाज पार्टी द्वारा रविवार को मान्यवर कांशीराम की 92वीं जयंती के अवसर पर हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में जोन स्तरीय जनसभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के जीवन, उनके संघर्ष और बहुजन समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बसपा के लोकसभा जोन प्रभारी सीताराम सीला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मान्यवर कांशीराम दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में राजनीतिक चेतना पैदा करने वाले मसीहा थे। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को संगठित कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया और राजनीति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार संघर्ष किया। सीला ने कहा कि कांशीराम का पूरा जीवन सामाजिक परिवर्तन और बहुजन समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

सीताराम सीला ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज को संगठित करने के लिए कई महत्वपूर्ण संगठनों का गठन किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम ने पहले बामसेफ (**पत्रिका**रूट्धपत्रिका) का निर्माण किया, उसके बाद डीएस-4 (दलित शोषित समाज संघर्ष समिति) की स्थापना की और बाद में बहुजन समाज को राजनीतिक ताकत देने के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का गठन किया। सीला ने कहा कि कांशीराम साहब ने अपने जीवन का अधिकांश समय समाज को जागरूक करने में लगाया। वे पैदल और साइकिल से गांव-गांव जाकर छोटी-छोटी बैठकों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते थे। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर राजनीतिक शक्ति बनने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि कांशीराम साहब ने समाज को जागरूक करने के लिए कई प्रभावशाली नारे भी दिए, जो आज भी बहुजन आंदोलन की पहचान बने हुए हैं। इनमें प्रमुख नारे थे – 'वोट हमारा, राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा ', 'जो जमीन सरकारी है, वो जमीन हमारी है ', 'बाबा तेरा मिशन अधूरा, हम सब मिलकर करेंगे पूरा' और 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी '।

सीताराम सीला ने कहा कि इन नारों के माध्यम से कांशीराम ने बहुजन समाज को अपनी ताकत पहचानने और लोकतंत्र में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांशीराम साहब के विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाते हुए समाज में जागरूकता फैलाएं और बहुजन समाज को संगठित करने का कार्य निरंतर जारी रखें।

कार्यक्रम में लोकसभा जोन प्रभारी पुखराज मेघवाल ने कहा कि कांशीराम एक महान विचारक और वैज्ञानिक सोच वाले नेता थे। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को पढ़कर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने जीवन में तीन प्रण लिए–वे घर नहीं जाएंगे, शादी नहीं करेंगे और उनके नाम से किसी बैंक में खाता नहीं होगा। इन संकल्पों के साथ कांशीराम साइकिल पर निकल पड़े और गांव-गांव जाकर बहुजन समाज को जागरूक किया। उनके अथक प्रयासों का परिणाम है कि आज बहुजन समाज पार्टी देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक बन चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि कांशीराम के बताए मार्ग पर चलते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री बनीं। यह बहुजन समाज की राजनीतिक जागरूकता और संगठन की ताकत का परिणाम है। पुखराज मेघवाल ने कहा कि आज देश में कमजोर वर्गों पर अत्याचार करने से पहले लोग सोचते हैं और यह भी कांशीराम के संघर्षों की देन है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष महावीर सहजीपूरा ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज को एक मजबूत राजनीतिक मंच दिया। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाना होगा। उनकी 92वीं जयंती पर हमें यही प्रेरणा लेकर जाना चाहिए कि हम समाज में जागरूकता फैलाएं और बहुजन समाज को संगठित करें।

विशिष्ट अतिथि प्रेमकुमार नायक ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत वोट की होती है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को अपने वोट के अधिकार की ताकत को समझते हुए संगठित होना होगा और सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

कार्यक्रम को बंशीधर भीमसरिया, धर्मपाल जिलोवा, चंपालाल देशप्रेमी, राधेश्याम सुडा, भजन सिंह घारू, मेजर भूपेंद्र सिंह, देवकरण नायक, दईराम मेघवाल और बींझाराम मेघवाल सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कांशीराम के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके सामाजिक आंदोलन और बहुजन समाज के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रेमनाथ सपेरा, मांगीलाल रैगर, रामप्रताप कांवलिया, शैलेंद्र मेघवाल, शंकर नायक, संदीप कुमार पटीर, कालुराम पटीर, ताराचंद परिहार, सुरेंद्र परिहार, निराणा राम मैहरड़ा, फुलाराम कताला, चेतन कालवा, मनोज जाटव, रणजीत बैलाण, हनुमान रैगर, ओंकार भाट, जनकराज बौद्ध, देवराज देपन, शेराराम मेघवाल, रामस्वरूप बौद्ध, जेठाराम मेहरड़ा, गौरव गुघरवाल सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और बहुजन समाज को संगठित कर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कॉमरेड हेतराम बेनीवाल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**-फुडग्रेन धर्मशाला में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा, नेताओं ने किसान-मजदूरों के मसीहा को बताया जननायक**



हनुमानगढ़। राजस्थान के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कॉमरेड हेतराम बेनीवाल को रविवार को हनुमानगढ़ टाउन स्थित फुडग्रेन धर्मशाला में आयोजित सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर उनके जीवन और संघर्षों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि कॉमरेड बेनीवाल का 94 वर्ष की आयु में 23 फरवरी को निधन हो गया था।

सभा में उपस्थित नेताओं और वक्ताओं ने कॉमरेड बेनीवाल के किसान और मजदूर आंदोलनों में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्चा जननायक बताया। उन्होंने कहा कि बेनीवाल ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। उनके संघर्षों और सादगीपूर्ण जीवन से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे जन आंदोलनों के मजबूत स्तंभ और किसानों-मजदूरों की आवाज थे। उन्होंने अनेक किसान आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए सरकारों को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर किया।

राज्य सचिव मण्डल सदस्य रामेश्वर वर्मा ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल का व्यक्तित्व संघर्ष और सिद्धांतों का प्रतीक था। उन्होंने जन आंदोलनों के माध्यम से किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सभा में भाजपा नेता अमित चौधरी ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल विचारधारा से भले ही अलग दल के थे, लेकिन उनका संघर्ष हमेशा आम आदमी के हित में रहा। उन्होंने किसानों और मजदूरों की समस्याओं को मजबूती से उठाया। उनका सादा जीवन और ईमानदार नेतृत्व हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

कांग्रेस नेता भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने किसान और मजदूर वर्ग के लिए निरंतर संघर्ष किया और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया। उनका जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा की मिसाल है।

माकपा नेता रघुवीर वर्मा ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल ने अपना संपूर्ण जीवन वर्ग संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने किसानों और मजदूरों के आंदोलनों को मजबूत किया और हमेशा शोषित वर्ग की आवाज बनकर खड़े रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल एक ऐसे नेता थे जो हमेशा जमीन से जुड़े रहे। उन्होंने किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए अनेक आंदोलन किए और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया।

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल ने अपने जीवन में कभी निजी स्वार्थ को महत्व नहीं दिया। वे हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की लड़ाई लड़ते रहे और उनकी सादगी आज भी सभी के लिए प्रेरणा है।

पूर्व प्रधान जयदेव भीड़ासरा ने कहा कि बेनीवाल ने किसानों की समस्याओं को बहुत करीब से समझा और उनके समाधान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा गांव-किसान की आवाज बनकर सरकारों के सामने मजबूती से मुद्दे उठाए।

पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़ ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। उन्होंने किसानों और मजदूरों को संगठित कर उन्हें उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

सीपीआई नेता चानणराम वर्मा ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल सच्चे अर्थों में जननेता थे। उन्होंने शोषित वर्ग के लिए संघर्ष करते हुए अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे।

बार संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सारस्वत ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल न्याय और अधिकारों की आवाज थे। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष करते हुए समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत करने का काम किया।

निवर्तमान पार्षद महादेव भार्गव ने कहा कि बेनीवाल का जीवन सादगी और संघर्ष का प्रतीक था। विधायक रहते हुए भी उन्होंने कभी सरकारी सुविधाओं का मोह नहीं रखा और हमेशा जनता के बीच रहकर काम किया।

आम आदमी पार्टी से सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल ने किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूत किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं बल्कि जनसेवा होना चाहिए।

एडवोकेट जाकिर हुसैन कायमखानी ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल ने समाज में समानता और न्याय की लड़ाई को मजबूत किया। उनके विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

फुडग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल किरोड़ीवाल ने कहा कि कॉमरेड बेनीवाल क्षेत्र के ऐसे नेता थे जिन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी। उनका सरल और जनसेवा से भरा जीवन समाज के लिए उदाहरण है।

किसान नेता रेशम सिंह माणुका ने कहा कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल किसानों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने कई किसान आंदोलनों का नेतृत्व कर किसानों को न्याय दिलाने का काम किया और हमेशा उनकी आवाज को बुलंद किया।

सभा में वक्ताओं ने बताया कि कॉमरेड हेतराम बेनीवाल ने राजस्थान कैनाल जमीन आवंटन आंदोलन, घड़साना किसान आंदोलन, जेसीटी मिल मजदूर आंदोलन और भाखड़ा व गंगनहर से जुड़े कई किसान आंदोलनों का नेतृत्व किया। उनके आंदोलनों की ताकत इतनी थी कि प्रदेश में किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसे उनके सामने झुकना पड़ता था।

वक्ताओं ने कहा कि 1971-72 में आईजीएनपी के प्रथम चरण के किसानों ने भूमि आवंटन को लेकर बड़ा आंदोलन किया था, जिसका नेतृत्व कॉमरेड हेतराम बेनीवाल ने किया। उस समय आंदोलन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की सरकार को निर्णयों में बदलाव करना पड़ा था।

सभा में यह भी बताया गया कि कॉमरेड बेनीवाल क्षेत्र की समस्याओं से गहराई से जुड़े हुए थे। श्रीगंगानगर जिले में सिंचाई पानी की समस्या को लेकर भी वे लगातार सक्रिय रहे। यहां तक कि राजस्थान सरकार के मंत्रियों द्वारा भी उनसे सुझाव लिए जाते थे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर कॉमरेड हेतराम बेनीवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा नेता अमित चौधरी, कांग्रेस नेता भुपेन्द्र चौधरी, माकपा नेता रघुवीर वर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी, पूर्व प्रधान जयदेव भीड़ासरा, पूर्व प्रधान दयाराम जाखड़, सीपीआई नेता चानणराम वर्मा, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सारस्वत, निवर्तमान पार्षद महादेव भार्गव, आम आदमी पार्टी से सुरेन्द्र बेनीवाल, एडवोकेट जाकिर हुसैन कायमखानी, राज्य कमेटी सदस्य रामेश्वर वर्मा, फुडग्रेन मर्चेन्ट के अध्यक्ष रामलाल किरोड़ीवाल, किसान नेता रेशम सिंह माणुका, कामरेड शेर सिंह शाक्य किसान नेता सुरेंद्र शर्मा मोहन लोहार मजदूर नेता बहादुर सिंह चौहान बसंत सिंह हुए आवर्त नेता सोहनलाल खा लिया सीपीआई नेता रामकुमार सरपंच बलदेव मक्का कर ओम स्वामी अमनदीप संधू पहलाद मोदी विनोद वर्मा एडवोकेट लालचंद वर्मा एडवोकेट चंद्रकला वर्मा सरबजीत कौर संगीता प्रियंका मंडल वीएस पेंटर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सारस्वत ऋषिपाल सिंह जगदीश यादव शिव कुमार प्रधान गुरु प्रेम सिंह ओम प्रकाश ओम सोनी कालूराम गोदारा सुभाष गोदारा मुंशी जी राधे राधे श्याम शर्मा संजय सराफ जैनेंद्र जैन गौरव जैन आदि उपस्थित है

स्वामी प्रकाशक लक्ष्मी नारायण स्वामी एवं मुद्रक विकास शर्मा के द्वारा शांति सरोज प्रिंटर्स अंबेडकर कॉलोनी हनुमानगढ़ टाउन जिला हनुमानगढ़ से मुद्रित एवं कार्यालय नवरतन भारत वार्ड नंबर 17 गोविंद सिंह नगर हनुमानगढ़ जंक्शन जिला हनुमानगढ़ राजस्थान335512 से प्रकाशित एवं प्रसारित संपादक लक्ष्मी नारायण स्वामी, वाद- विवाद का न्यायिक क्षेत्र हनुमानगढ़ होगा RNI NO RAJBIL/2023/88776 www.navratanbharat.com,email:-info@navratanbharat.com, navratnbharat@gmail.com